ईडन रियल्टी ग्रुप ने लॉन्च किए सोलारिस सिटी श्रीरामपुर और सोलारिस जोका

कोलकाता: अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर **ईडन रियल्टी ग्रुप** ने एशिया का सबसे बड़ा और **विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड सोलर हाउसिंग प्रोजेक्ट सोलारिस सिटी श्रीरामपुर** लॉन्च कर दिया है। ग्रुप ने दक्षिणी कोलकाता में एक और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट **सोलारिस जोका** भी लॉन्च किया है। सोलारिस सिटी श्रीरामपुर में मॉल, फूड कोर्ट, हाईपर मार्केट और बड़े रिटेल स्टोर होंगे।

श्रीरामपुर की कनई लाल गोस्वामी सरणी में 23 एकड़ में फैले सोलारिस सिटी में 4.95 लाख से 20.20 लाख रुपये तक के अपार्टमेंट होंगे, जो इसे किफायती बनाता है। कुल 4300 अपार्टमेंट वाले 24 जी प्लस 12 टावरों में एक, दो, तीन बीएचके फ्लैट और स्टूडियो अपार्टमेंट होंगे।

यह रिसड़ा रेलवे स्टेशन से केवल 4 मिनट, श्रीरामपुर रेलवे स्टेशन से 8 मिनट और हावड़ा स्टेशन से 25 मिनट की दूरी पर तथा जीटी रोड से 500 मीटर दूर है। यहां सौर ऊर्जा न



केवल मेंटेनेंस लागत कम करेगी, बल्कि पर्यावरण हितैषी भी बनाएगी।

समूह के चेयरमैन सचिदानंद राय ने कहा कि हमारा पहला सोलर समर्थित प्रोजेक्ट सोलारिस बोनहुगली बड़ा सफल रहा है।

खुली और हरियाली वाली जगह पर स्थित सोलारिस सिटी श्रीरामपुर भी बेहतरीन रिहायश साबित होगा। रियल एस्टेट डेवलमेंट की बात करें तो जोका में भी अपार संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र खरीदारों को 2.67 लाख रुपये की सब्सिडी भी मिलेगी।

यहां बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट मैदान, मिनी गोल्फ कोर्स, स्वीमिंग पूल सहित अनेक सुविधाएं होंगी और यह 3 से 4 साल में पूरा हो जाएगा।

ईडन रियल्टी ग्रुप के एमडी आर्य सुमंत ने कहा कि डीएच रोड पर 4.1 एकड़ में सोलारिस जोका में एक, दो व तीन बीएचके के 948 अपार्टमेंट होंगे जो 5 जी प्लस 12 टावस में बनेंगे। इनकी कीमत 8.75 लाख से 23 लाख रुपये के बीच है। दोनों प्रोजेक्ट 1020 करोड़ के हैं। यहां मेंटेनेंस लागत करीब 1 रुपये वर्ग मीटर रहेगी।

समूह के संयुक्त एमडी कुमार सत्याकी ने कहा कि हावड़ा, बर्दवान, आसनसोल और कोलकाता में काम करने वाले और 1 घंटे तक का सफर करने में सक्षम लोगों के लिए सोलारिस सिटी श्रीरामपुर बेहतरीन विकल्प है। इनके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है।